समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# इंडियन एयरफोर्स मे 11 जुलाई से शुरू होंगे अग्निवीर वायु भर्ती के आवेदन, 25 सितंबर को होगी परीक्षा।

Publisher

Published on 26 Jun 2025



## युवाओं के लिए सुनहरा मौका, अग्निपथ स्कीम के तहत वायुसेना मे बंनाएं करियर।

**नई दिल्ली, 26 जून 2025:** भारतीय वायुसेना ने अग्निपथ योजना के तहत **अग्निवीर वायु इंटेक 1/2026** के लिए भर्ती प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। इ**च्छुक अभ्यर्थी 11 जुलाई 2025** से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि **ऑनलाइन परीक्षा 25 सितंबर 2025** को आयोजित की जाएगी। यह **भर्ती वायुसेना** में चार साल की सेवा के लिए है, जिसमें **प्रशिक्षण, वेतन, और सेवा निधि** जैसे कई लाभ मिलेंगे।

**आवेदन पोर्टल :** agnipathvayu.cdac.in

**कौन कर सकता है आवेदन ?**
**आयु सीमा**:
**उम्मीदवार की जन्म तिथि 1 जनवरी 2005 से 1 जनवरी 2008 के बीच होनी चाहिए।**
**न्यूनतम आयु :** 17.5 वर्ष, अधिकतम आयु: 21 वर्ष
(**आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट मिलेगी**)

**शैक्षणिक योग्यता :**
१. **12वीं (PCM + English) – न्यूनतम 50% अंकों के साथ**

२. **3 साल का डिप्लोमा कोर्स (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/कंप्यूटर साइंस आदि) – 50% अंकों के साथ**
३. **2 साल का वोकेशनल कोर्स (Physics, Maths और English के साथ) – 50% अंकों के साथ**

**चयन प्रक्रिया**

**अग्निवीर वायु भर्ती** के लिए चार चरणों में चयन प्रक्रिया होगी:
१. **ऑनलाइन लिखित परीक्षा (25 सितंबर 2025)**
२. **फिजिकल फिटनेस टेस्ट (PFT)**
३. **दस्तावेज़ सत्यापन**
४. **मेडिकल टेस्ट**
५. इन सभी चरणों में **सफल उम्मीदवारों की मेरिट** सूची बनाई जाएगी।

**वेतन और लाभ**

१. **पहले वर्ष वेतन : ₹30,000/माह**
२. **चौथे वर्ष तक : ₹40,000/माह**
३. **सेवा निधि पैकेज : ₹10.08 लाख (टैक्स फ्री)**
४. **भत्ते : राशन, ड्रेस और यात्रा भत्ता सहित**
५. **बीमा : ₹48 लाख का जीवन बीमा कवर**

**आवेदन कैसे करे ?**

१. **वेबसाइट** agnipathvayu.cdac.in पर जाएं
२. "**New Registration**" पर क्लिक करें और रजिस्ट्रेशन करें
३. **लॉग इन करे और आवेदन फॉर्म भरे**
४. **जरूरी दस्तावेज़ अपलोड करे (फोटो, सिग्नेचर आदि)**
५. **आवेदन शुल्क जमा करे**
६. **फॉर्म सबमिट कर प्रिंट आउट निकाले**

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| **प्रक्रिया** | **तारीख** |
|---|---|
| आवेदन शुरू | 11 जुलाई 2025 |
| आवेदन की अंतिम तिथि | 28 जुलाई 2025 (अनुमानित) |
| परीक्षा तिथि | 25 सितंबर 2025 |
| एडमिट कार्ड | परीक्षा से 10 दिन पूर्व |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.